Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-05-2007

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title: Regarding construction of roads in Jalaun, Garantha Parliamentary constituency and Bundelkhand region of Uttar Pradesh under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान एक अत्यन्त महत्वपूर्ण ि वाय की ओर दिलाना चाहता हूं। हमारे उत्तर प्रदेश में प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत फिफ्थ फेज का काम शुरू हुआ है। उसके तहत जो सड़कें ली जा रही हैं, वे अच्छी बनी हुई सड़कें ली जा रही हैं। जिन सड़कों पर अभी काम हुआ है, उन्हीं सड़कों को अधिकारियों ने जो पी.डब्ल्यू.डी. वगैरह की एजेंसी या अन्य एजेंसी हैं, जो वहां काम कर रही हैं, उन्होंने उन्हीं सड़कों का एस्टीमेट बनाकर, उसे पास करा लिया है। चूंकि वे सड़कें आलरेडी बनी हुई हैं, और जिन एजेंसियों ने ये सड़कें पास कराई हैं, वे ही वहां काम करेंगी और इसमें करोड़ों रुपए का घपला होगा। जो सड़कें बनाई जा रही हैं, उनका जो मटीरियल निकल रहा है, वही मटीरियल उन सड़कों में डालकर उन्हीं सड़कों को दुबारा बना रहे हैं। चूंकि वे सड़कें आलरेडी बनी हुई हैं और उनका मटीरियल उखाड़ा जा रहा है, जिसके कारण वे इतनी खराब बन रही हैं कि वे मुश्किल से छः महीने या साल भर चलेंगी। जो हमारी पुरानी सड़कें बनी हुई हैं, वे 40 साल पहले बनी थीं और अब तक सही चल रही हैं और वे अच्छी हैं। उन्हें उखाड़ कर फिर बनाया जा रहा है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिस एजेंसी ने एस्टीमेट्स बनाकर भेजे हैं, उसकी अलग किसी एजेंसी से जांच कराई जाए। उस एजेंसी ने जो अच्छी सड़कें हैं, उन्हें उसमें शामिल कर के भेज दिया है, जिन्हें उखाड़ कर दुबारा बनाएंगे, उसमें करोड़ों रुपए का घपला होगा। यह घपला न हो। इसलए उसकी जांच कराएं और जो अधिकारी दोाी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।[r64]